6. आधुनिक राज्य के अनिवार्य साधन के रूप में (As the Necessary Means of Modern State)—**मैक्स वेबर** के शब्दों में, "किसी भी सभ्य समाज के लिए नौकरशाही आवश्यक है।" शासन चाहे किसी भी प्रकार का क्यों न हो, देश की बाहरी और आन्तरिक स्थिति कुछ भी क्यों न हो, नौकरशाही अनिवार्य है। नौकरशाही के अभाव में कोई भी शासन अपने कार्यों का सम्पादन सही प्रकार से नहीं कर सकता। **मैक्स वेबर** के शब्दों में, "अगर हमारी सभ्यता असफल होती है तो हमें समझ जाना चाहिए कि हमारे प्रशासन का पतन हो गया है।" नौकरशाही का महत्त्व बताते हुए **पीटर एम. बाल्वो** (Peter M. Balvo) ने कहा है कि, "नौकरशाही प्रशासन को अधिक कुशल, विवेकशील, निष्पक्ष तथा संगत बनाती है। नौकरशाही के बिना प्रशासन जीवन शून्य बन जायेगा।" Stop

PG IV

नौकरशाही के दोष

[DEMERITS OF BUREAUCRACY]

नौकरशाही की अनेक विचारकों ने आलोचनाएँ की हैं। **रेम्जे म्योर** (Ramsay Muir) ने अपनी पुस्तक *'How Britain is Governed'* में नौकरशाही की आलोचना करते हुए कहा है कि, "हमारी शासन प्रणाली में नौकरशाही की शक्ति अत्यधिक बढ़ गयी है, चाहे वह प्रशासन विधाने से सम्बन्धित हो या वित्त-व्यवस्था से। प्रजातान्त्रिक आवरण के नीचे लोक सेवा फलती-फूलती एवं विकसित होती है और वह बढ़कर फ्रेंकिनस्टीन (Frankenstein) के दानव की भाँति कभी-कभी तो अपने जन्मदाता को ही निगलती हुई प्रतीत होती है। हमारी शासन प्रणाली में यह एक बहुत महत्त्वपूर्ण तथा शक्तिशाली तत्त्व बन गया है, यद्यपि विधिक दृष्टि से शायद ही इसे कोई औपचारिक सत्ता प्राप्त हो।"

लॉर्ड हेवर्ट (Lord Hewart) ने नौकरशाही को 'नवीन निरंकुशता' (New Despotism) का नाम दिया है। **प्रो. लास्की** ने नौकरशाही की आलोचना इन शब्दों में की है, "नौकरशाही एक ऐसी सरकारी व्यवस्था है जिसमें नियन्त्रण पदाधिकारियों के हाथ में इतना अधिक होता है कि नागरिकों की स्वतन्त्रता खतरे में पड़ जाती है।"

प्रो. रॉब्सन (Robson) ने नौकरशाही के निम्नलिखित दोषों का वर्णन किया है—

(i) अधिकारियों में आत्म-महत्त्व का अत्यधिक भाव (An excessive sense of self-importance on the part of officials)।

(ii) अपने पद के लिये अनावश्यक महत्त्व (An undue idea of importance of their office)।

(iii) व्यक्तिगत नागरिकों की सुविधाओं या भावनाओं के प्रति उदासीनता (An indifference towards the feelings or convenience of individuals)।

(iv) विभागीय निर्णयों की सत्ता की लोचहीनता एवं बाध्यकारिता (An obsession with the binding and inflexible authority of departmental decisions)।

(v) विनियमों और औपचारिक प्रक्रियाओं के प्रति सनक (A mania for regulations and formal procedure)।

(vi) प्रशासन की विशेष इकाइयों की क्रियाओं को अधिक महत्त्व देना (A pre-occupation with the activities of particular units of administration)।

(vii) सरकार को एक सम्पूर्ण इकाई के रूप में न देख सकना तथा यह न पहचानना कि प्रशासक और प्रशासितों के बीच स्थित सम्बन्ध प्रजातन्त्रात्मक प्रक्रिया का मूलभूत भाग होता है (An inability to consider the government as a whole and a failure to recognize the relations between governors and the governed as an essential part of the democratic process)।

नौकरशाही की आलोचनाओं का अध्ययन निम्न बिन्दुओं के रूप में किया जा सकता है—

1. लालफीताशाही (Red Tapism)—लालफीताशाही का अर्थ है कार्य में पर्याप्त विलम्ब होना। नौकरशाही के कार्य नियत प्रकृति के होते हैं। अधिकारी प्रक्रिया की औपचारिकताओं में विश्वास करते हैं

Scanned with CamScanner